**बिहार सरकार**

**पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**

सं0सं0–पि0व0 / 06 / पि0 शै0 सा0 / 08–01 / 2026– 1637-अ 30.

प्रेषक,

ऋषि कुमार,

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

सेवा में,

निदेशक,

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग,

बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–11/09/2026

**विषयः–हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला, 2026 दिनांक–24.11.2026 से दिनांक–23.12.2026 (संभावित) के अवसर पर विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार / प्रर्दशनी शिविर हेतु अस्थाई पंडाल, कुर्सी टेबल, पंखा, सोफा, स्टेज, तोरण द्वार आदि की व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रण राज्य के सभी समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन के संबंध में।**

प्रसंग–बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना का पत्रांक–05 / 06–01 / 607, दिनांक–08.09.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला, 2026 दिनांक–24.11.2026 से दिनांक–23.12.2026 (संभावित) के अवसर पर विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार / प्रर्दशनी शिविर हेतु अस्थाई पंडाल, कुर्सी टेबल, पंखा, सोफा, स्टेज, तोरण द्वार आदि की व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रण राज्य के सभी समाचार पत्रों के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशन कराया जाना है। निविदा प्रारूप इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः अनुरोध है कि उपर्युक्त विज्ञापन प्रकाशित कराने की कृपा की जाय।

**अनु0–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

11/09/2026

(ऋषि कुमार)

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

(4)

## –:::प्रेस विज्ञप्ति:::–

# पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

## बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम
## चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना

## –:::निविदा आमंत्रण:::–

**हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला में विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण आदि से संबंधित निविदाः–**

हरिहर क्षेत्र, सोनपुर मेला, 2026 के अवसर पर पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पंडाल निर्माण के लिए दिनांक–10.09.2026 से 30.09.2026 को 12:00 बजे मध्याह्न तक मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–01.10.2026 को 03:00 बजे अप0 में प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में बिहार राज्य पिछड़ा वित्त एवं विकास निगम, चतुर्थ तल, सोन भवन, वीरचंद पटेल मार्ग, पटना कार्यालय से कार्य निविदा की शर्तों के साथ पूर्ण विवरण प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना को मोहरबन्द निविदा निर्धारित तिथि एवं समय तक समर्पित कर सकते हैं।

08/09/2026

प्रबंध निदेशक,
बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एव विकास निगम,
पटना।